**पहल** | प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में मुआवजा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना, इससे जमीन खरीद के काम में तेजी आएगी

# ग्रेनो के आठ औद्योगिक सेक्टर में लैंडबैंक तैयार होगा

**सीएल मौर्य**

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर इकोटेक-7, 8 समेत आठ सेक्टरों में 998.92 हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार करने का लक्ष्य है। इससे उद्योगों के लिए जमीन आवंटित करने में दिक्कत नहीं होगी। किसानों से सहमति के आधार पर अब तक 601.78 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है।

वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक प्राधिकरण की बोर्ड बैठक जल्द होने वाली है। इसमें मुआवजा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इससे जमीन खरीद के काम में तेजी आएगी। अभी मुआवजा दर 4125 रुपये प्रति वर्गमीटर है। दरअसल जमीन की उपलब्धता कम होने से उद्योगों और अन्य परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटित करने में दिक्कत आ रही है। ड्रोन से सर्वेक्षण कर प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित जमीन की तलाश की जा रही है। इसके लिए सीईओ रवि कुमार एनजी की ओर से विशेष पहल की गई है। उन्होंने अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण के ओएसडी गिरिश कुमार झा ने बताया कि आठ सेक्टरों इकोटेक-7, 8, 9, 12ए, 21, 19ए, 19 और 16 में लैंडबैंक तैयार हो रहा है। इसमें से 601.78 हेक्टेयर जमीन खरीदने में सफलता मिली है। सेक्टर इकोटेक-9 में 103.56 हेक्टेयर और इकोटेक-12ए में 101.54 हेक्टेयर जमीन की खरीद हुई है। इकोटेक-7, 8, 16, 19, 19ए और 21में भी खरीद जारी है। किसान मुआवजा बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।



## इन गांवों में जमीन खरीदी जा रही

ग्रेनो क्षेत्र के पौवारी, अटाई मुरादपुर, इमलियाका, लुक्सर, दादूपुर, लड़पुरा, खानपुर, सिरसा, वैदपुरा, जान समाना, सुनपुरा, धूममानिकपुर, भोला रावल, खेड़ी, आमका, किरावपुर उर्फ कैलाशपुर, खोदना कलां, भनौता व खोदना खुर्द आदि गांवों में जमीन खरीदी जा रही है।

## कहां कितनी जमीन खरीदी

| औद्योगिक सेक्टर | जमीन |
|---|---|
| इकोटेक-7 | 94.8296 |
| इकोटेक-8 | 83.2361 |
| इकोटेक-9 | 169.6619 |
| इकोटेक-12ए | 104.9872 |
| इकोटेक-16 | 39.4869 |
| इकोटेक-19 | 48.2964 |
| इकोटेक-19ए | 12.95382 |
| इकोटेक-21 | 50.3318 |

नोट : जमीन खरीदी (हेक्टेयर में)।

"ग्रेटर नोएडा में उद्योग और आवासीय समेत सभी श्रेणी के भूखंडों की मांग बढ़ी है। निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। वे उद्योग लगाने के लिए जमीन मांग रहे हैं। उनको जमीन उपलब्ध कराने के लिए लैंडबैंक तैयार किया जा रहा है। किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है। -**रवि कुमार एनजी**, सीईओ, ग्रेटर नोएडा